कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/वी–2/45001/ प्रधानाचार्य/ डीपीसी (2021–22)/पदस्थापन/2022 दिनांक 02.11.2022 के द्वारा प्रधानाचार्य, उमावि एवं समकक्ष पद की वर्ष 2021–22 की विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयनित आशार्थियों के पदस्थापन आदेश जारी कर दिनांक 20.11.2022 तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करने तथा कार्यग्रहण नहीं करने की स्थिति में पदोन्नति परित्याग हेतु लिखित में नियंत्रण अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने हेतु हेतु निर्देशित किया गया था।

जिन कार्मिकों ने उक्त आदेशों की पालना में आज दिनांक तक कार्यग्रहण नहीं किया है उन्हें दिनांक **8.12.2022** तक पदोन्नति पर नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि वे नियत तिथि तक नवीन पदस्थापन स्थान पर आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करें अथवा अपने नियंत्रण अधिकारी को एक दिवस पूर्व पदोन्नति परित्याग हेतु लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

नवीन कार्यग्रहण तिथि तक कार्यग्रहण नही करने की स्थिति में स्वैच्छा से पदोन्नति परित्याग मानकर आदेश प्रसारित कर दिये जावेंगें। शेष शर्ते पूर्व आदेशानुसार यथावत रहेगी।

(गौरव अग्रवाल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते

क्रमांक:शिविरा/माध्य/संस्था/वी–2/45001/प्रधानाचार्य/डीपीसी(2021–22)/पदस्थापन/2022 दिनांक: 02·12·2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. निजी सचिव,अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
4. निजी सचिव,सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
5. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2)विभाग,/कार्मिक(क–6) विभाग राजस्थान, जयपुर
6. निजी सचिव,निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान,बीकानेर।
7. समस्त संयुक्त निदेशक–स्कूल शिक्षा/मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित कर लेख है कि पदोन्नति परित्याग करने वाले कार्मिकों की सूचना संबंधित नियंत्रण अधिकारी से प्राप्त कर समेकित सूचना निदेशालय को जरिये ई–मेल दिनांक 09.12.2022 तक आवश्यक रूप से भिजवावें।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा
9. संबंधित मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी, संबंधित ब्लाक
10. संबंधित संस्थाप्रधान/नियंत्रण अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीन कार्यरत कार्मिक को नवीन पदस्थापन स्थान हेतु नियत तिथि तक शाला दर्पण के माध्यम से कार्यमुक्त करें, जो लोक सेवक पदोन्नति स्वीकार नहीं करना चाहते है उनसे नियत तिथि से एक दिन पूर्व पदोन्नति परित्याग हेतु आवेदन पत्र आवश्यक रूप से प्राप्त कर समेकित सूचना संयुक्त निदेशक–स्कूल शिक्षा के माध्यम से निदेशालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
11. संबंधित कार्मिक को पालनार्थ
12. सिस्टम एनानिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु
13. सहायक निदेशक, वरिष्ठता एवं नियम/एससीआर/डीपीसी/विभागीय जॉच/संस्थापन सी (ओएसी)
14. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Created By: Sign Doc